


# गृहमंत्री व मुख्यमंत्री ने सौगात दी वर्चुअल, उज्जैन समेत मध्यप्रदेश को लाभ मिलेगा

## अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में 28 इकाईयों के भूमिपूजन और लोकार्पण, 1400 से अधिक लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर, उज्जैन में संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उज्जैन।** विकास का सपना पूरे मध्य प्रदेश में इतनी तेजी से साकार होगा किसी ने सोचा नहीं था मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने 2 साल जहां पूरे करते हुए लगातार सौगात दे रहे हैं। उससे लगता है कि आने वाले 3 साल में प्रदेश की पूरी तस्वीर बदल जाएगी। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव से लेकर देश के गृहमंत्री अमित शाह ने ग्वालियर से भूमिपूजन, लोकार्पण करते हुए एक बार फिर भविष्य की नींव रखी।

शनिवार को ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के अंतर्गत उज्जैन में देवास रोड स्थित मेसर्स बेस्ट लाईफ अपेरल्स प्राइवेट लिमिटेड में संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सभापति नगर निगम कलावती यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत शिवानी कुंवर, संजय अग्रवाल उपस्थित थे।

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय एमडी राजेश राठौर ने सभी



अतिथियों का शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उधर ग्वालियर में अमित शाह के साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और राज्य भाजपा प्रमुख हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कलावती यादव ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने सुशासन की नींव रखी थी। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के साथ निरंतर देश को आगे ले जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी पिछले 02 वर्षों में कई बार प्रदेश में आए है और उन्होंने प्रदेश को कई सौगातें दी है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए राज्यों को भी देश के साथ कदम बढ़ाने होंगे। हम सब के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि मध्यप्रदेश अब एक विकसित प्रदेश बन रहा है। कार्यक्रम में बेस्ट लाइफ अपेरल्स में कार्यरत नेहा तोमर ने कहा कि पहले हमें रोजगार के लिए दूसरे शहरों की ओर देखना पड़ता था। लेकिन उद्योग आने से यहीं काम मिला। आज मेरी नियमित आय है, परिवार का जीवन स्तर सुधरा है और बच्चों की पढ़ाई बेहतर हो पाई है।

इकाई में कार्यरत सुप्रिया बुनकर ने कहा कि इस उद्योग में काम मिलने से मुझे आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। सरकार की औद्योगिक नीतियों की वजह से हमारे जैसे कई लोगों को रोजगार मिला है। इससे न सिर्फ आमदनी बढ़ी है, बल्कि समाज में सम्मान भी बढ़ा है। इसके पश्चात सभी ने ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय ग्रोथ समिट के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। अतिथियों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत आगर-मालवा जिले से रोहित मेवाड़ा को सेंटिंग कार्य के लिए बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्वीकृत 5 लाख 50 हजार रुपये के ऋण, घनश्याम परमार को टेंट व्यवसाय के लिए बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्वीकृत 6 लाख 25 हजार रुपये के ऋण, उज्जैन जिले से पूजाबाई परमार को उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत एमपी ग्रामीण बैंक से जनरल स्टोर्स के लिए स्वीकृत 2 लाख रुपए के ऋण, मनोज उपाध्याय को उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया से फोटो स्टूडियो के लिए स्वीकृत 2 लाख रुपए के ऋण के चैक वितरित किए गए। उज्जैन में हुए इस कार्यक्रम का संचालन स्वामी मुस्कुराके शैलेन्द्र व्यास ने किया और आभार प्रदर्शन संयुक्त संचालक एमएसएमई अमर सिंह मोरे ने किया।

### औद्योगिक भविष्य की दशा होगी तय

सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन में अभ्युदय मध्यप्रदेश के अंतर्गत आज सफल आयोजन किया गया है। यह आयोजन निश्चित रूप से प्रदेश के औद्योगिक भविष्य की दिशा तय करने वाला सबसे अहम मंच साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में अधोसंरचना और औद्योगिक विकास एक उत्तम संतुलन बनाकर किया जा रहा है। अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में आज उज्जैन को कई उद्योगों की सौगात मिली है। उज्जैन में निवेश के माहोल को निश्चित रूप से और मजबूती मिलेगी। उज्जैन और पूरा मालवा क्षेत्र आने वाले वर्षों में उत्पादन निर्यात और सतत विकास का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा।

### 38506 करोड़ का निवेश आया

कार्यक्रम में स्वागत भाषण रिप्राइड रेमेडीज के सीआईआई अक्षत चोरडिया ने दिया। उन्होंने बताया कि निवेश और रोजगार में बड़ा उछाल अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले दो वर्षों में उज्जैन संभाग में 38,506 करोड़ का निवेश आया है। जिससे 33, 676 रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। गुरुवार को अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के दौरान उज्जैन संभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में कुल 28 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन, लोकार्पण एवं एलओआई वितरण किया गया है। यह परिवर्तन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की औद्योगिक दृष्टि, राज्य सरकार की नीतियों और निरंतर आयोजित औद्योगिक कॉन्क्लेवों का परिणाम माना जा रहा है।

### नीतिगत सुधारों से बढ़ा निवेशकों का भरोसा

राज्य सरकार द्वारा लागू औद्योगिक प्रोत्साहन नीति-2025 को उद्योग जगत से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। निवेश पर 40 प्रतिशत तक बेसिक इन्वेस्टमेंट प्रमोशन असिस्टेंस, निर्यात आधारित इकाइयों को 1.3 गुना लाभ, रोजगार सृजन पर 1.5 गुना तक प्रोत्साहन और हरित औद्योगीकरण के लिए 50 प्रतिशत अनुदान (अधिकतम 10 करोड़) जैसे प्रावधानों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। संभाग का हर जिला आज किसी न किसी बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है। उज्जैन जिले में विक्रम उद्योगपुरी और मेडिकल डिवाइस पार्क औद्योगिक विकास के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं।

## एक नजर में




### भाजपा ने बूथों पर मनाई अटल जी की जयंती

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में नगर के सभी बूथों पर मनाई गई। नगर के प्रत्येक बूथ पर अटलजी के चित्र पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए और अटलजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा हुई। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने श्रद्धेय अटल जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। पं. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया गया। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, डॉ. प्रभुलाल जाटवा, जगदीश अग्रवाल, ओम जैन, जगदीश पांचाल, आनंद सिंह खींची, कमल बेरवा, सुरेंद्र सांखला, रितेश जटिया, श्रीमती सोनल जोशी, शैलेंद्र शर्मा, अशोक केथवास, सुभाष डोडिया, पवन विश्वकर्मा, विजय दीक्षित, राकेश पंड्या, वर्षा कछवाय, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, रजत मेहता, संग्राम सिंह भाटी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। नगर के प्रत्येक बूथ पर अटल जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बूथों के कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेतागण, नगर पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन जन्म शताब्दी वर्ष के संयोजक महामंत्री जगदीश पांचाल ने किया एवं आभार प्रदर्शन रूपेश श्रीवास्तव ने माना।

### 8 करोड़ से बदलेगी मोदी के चोपड़े की दशा

**उज्जैन।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वी जयंती पर आज मोदी के चोपड़े के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। 8 करोड़ 29 लाख रुपए की राशि से यह कार्य होगाद्ध जिसका भूमि पूजन आज जनप्रतिनिधियों ने किया। गीता कॉलोनी स्थित मोदी के चोपड़े पर अटल बिहारी उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिवस स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने देश में नदी जोड़ो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं को मूर्त रूप दिया। शहर की प्राचीन जल संरचना मोदी के चोपडे का साफ सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। यहां आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जाएगी। कार्यक्रम को सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने संबोधित किया। अतिथियों ने भूमि पूजन किया और इसके बाद क्षेत्र की साफ सफाई भी की। इस दौरान जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा, स्मार्ट सिटी के सीईओ संदीप शिवा भी मौजूद थे।

### फ्रीगंज सब्जी मंडी को अतिक्रमण मुक्त किया

**उज्जैन।** गुरुवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा फ्रीगंज स्थित पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित सब्जी के हाथ ठेले, फल फ्रूट की दुकाने, पान की गुमटी इत्यादि अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर की गई। विगत दिनों निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वार्ड क्रमांक 38 स्थित पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र का पार्षद अनिल गुप्ता के साथ निरीक्षण किया था। जिसके क्रम में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया था कि उक्त क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त हो किसी भी प्रकार के ठेला गुमटी यहां संचालित नहीं होना चाहिए। साथ ही सफाई करने में भी काफी परेशानी होती है। इसी क्रम में अतिक्रमण को सख्ती से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त प्रदीप सेन, गैंग प्रभारी एवं रिमूवल गैंग के कर्मचारियों उपस्थित रहे।

### गंदगी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया

**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा गुरुवार को प्रातः सफाई व्यवस्था निरीक्षण के क्रम में जोन क्रमांक 01 अंतर्गत वार्ड 01 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिद्धवट मंदिर के पास संचालित सुलभ शौचालय पर गंदगी पाए जाने एवं एक भी कर्मचारी उपलब्ध नहीं होने पर तत्काल 50 हजार का जुर्माना इसी के साथ भवन निर्माण सामग्री नाली में डालने एवं गंदगी करने पर 08 हजार का जुर्माना लगाया गया। आयुक्त ने वार्ड की गलियों में निरीक्षण किया। जाकर दुकानदारों को समझाइए दी गई की पॉलिथीन का उपयोग नहीं करना है साथ ही कचरा गाड़ी में कचरा सेग्रीगेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक अजय दावरे, पार्षद प्रतिनिधि परमानंद मालवीय उपस्थित रहें।

### घर के बाहर घूमने से टोका को पीटा

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम दंगवाड़ा में देर रात तक घर के बाहर घूमने से टोकने पर मारपीट हो गई। मामले में घायल पप्पू पिता तेजराम सूर्यवंशी का चरक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पप्पू ने बताया कि उसके घर के बाहर नए गांव में रहने वाला गिरधारी चौधरी आए दिन चक्कर काटता रहता है। कई बार वो देर रात तक घूमता है। बुधवार को उसे घर के सामने चक्कर लगाने से रोका तो गिरधारी ने पप्पू पर हमला कर उसे घायल कर दिया। इंगोरिया पुलिस ने केस दर्ज किया।

## शहर के चर्च में बिखरीं खुशियां, गले मिल कहा -मैरी क्रिसमस

### कैथोलिक और मसीही चर्च में आधी रात को हुआ प्रभु यीशु का जन्म





**उज्जैन।** शांति, प्रेम और क्षमा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस शहर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुधवार रात से ही देवास रोड स्थित कैथोलिक चर्च और आईजी ऑफिस के समीप मसीह चर्च में प्रार्थनाओं और खुशियों का दौर शुरू हो गया, जो आज पूरे दिन जारी रहा।

कैथोलिक चर्च (देवास रोड) में प्रभु के स्वागत के लिए बुधवार रात से ही विशेष प्रार्थना प्रारंभ हो गई थी। जैसे ही घड़ी की सुइयों ने रात के 12 बजाए, गिरिजाघर जय यीशु और मैरी क्रिसमस के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। मध्यरात्रि में प्रभु के जन्म के साथ ही पवित्र बलिदान की विधि संपन्न हुई। क्रिश्चियन समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर और केक खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। चर्च परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा और प्रभु के जन्म की झांकी (क्रेडल) विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

गुरुवार को कैथोलिक चर्च में सुबह प्रार्थना सभा हुई। इसमें करीब 500 से समाजजन शामिल हुए। कैथोलिक चर्च में सुबह 8.30 बजे पवित्र बलिदान का आयोजन किया गया। सुबह चर्च में आकर्षक झांकियां सजी थीं। समाज के लोग यहां एकत्रित होकर एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दे रहे थे। जरूरतमंदों को चर्च में भोजन वितरित किया गया। गुरुवार शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसमें बच्चों और युवाओं द्वारा क्रिसमस कैरोल्स और नाटकों का मंचन किया जाएगा।

### महापौर एवं निगम अध्यक्ष ने किया नगर कीर्तन का स्वागत

**उज्जैन।** इधर नगर में एक क्रिसमस पर्व के साथ ही सिख समाज ने भी अपने गुरु का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। इस क्रम में सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर फ्रीगंज स्थित सुख सागर गुरुद्वारे से नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ जो कि शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दूधतलाई पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान नगर निगम द्वारा फ्रीगंज ग्रांड होटल से महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा नगर कीर्तन एवं समाज जनों का स्वागत किया गया। इस दौरान जगदीश पांचाल, आनंद खींची, कमलेश बैरवा, प्रकाश शर्मा, संग्राम सिंह भाटिया, मुकेश पोरवाल, गजेंद्र खत्री, सतीश सिंदल, पार्षद नीलम कालरा, डॉ. प्रभुलाल जाटवा, गोपाल बलवानी, मेहताब लाला, ओम जैन, सुरेंद्र सांखला, यशवंत पटेल, रूपेश श्रीवास्तव, इकबाल सिंह गांधी, चरणजीत सिंह कालरा, ज्ञानी सुरजीत सिंह, जसमीत जुनेजा, अवतार जुनेजा एवं समाजजनों का उपस्थित अतिथियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

### मसीही चर्च में भी रौनक

आईजी ऑफिस स्थित मसीही चर्च में भी दिनभर सेलिब्रेशन का दौर चलता रहा। ईसाई समाजजन के घरों में भी क्रिसमस ट्री सजाए गए हैं और सुबह से ही चर्च जाने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुलिस प्रशासन द्वारा चर्च के आसपास पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## चोरों को प्रोडक्शन वारंट पर लाई पुलिस

**उज्जैन। राजस्थान के प्रतापगढ़ की जेल में बंद पांच चोरों को भाटपचलाना पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई जिसे ईको कार व ग्राम रूनिजा से पवन चक्की के तार चुराने के मामले में पूछताछ के बाद वापस प्रतापगढ़ जेल भेज दिया गया। टीआई सतेंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि 14 नवंबर को फरियादी हीरालाल पिता रमेश उर्फ रामेश्वर डोडिया निवासी ग्राम सुरेल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनकी ईको कार क्र. एमपी 20 सीएच 5486 को अज्ञात बदमाश घर के बाहर से चोरी कर ले गया।**

पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और सीसीटीवी कैमरे खंगाले। 20 नवंबर को कार जंगल से मिली लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए थे। जांच में पता चला कि कार चुराने वालों ने ही ग्राम रूनिजा स्थित पवन चक्की से तार चोरी किए थे। जांच में पता चला कि आरोपी राजस्थान की प्रतापगढ़ जेल में बंद हैं जिसके बाद प्रोटेक्शन वारंट पर मंगलवार को आरोपी भूरालाल पिता सूरज (22) निवासी ग्राम रामपुरिया रतलाम, कालू पिता सुनील (32) निवासी ग्राम मोंगवली, बांसवाड़ा, रकमलाल पिता मनोहर (23) निवासी ग्राम बोरदाबाना, रतलाम, सुनील पिता मांग्या उर्फ मांगीलाल (21) निवासी ग्राम खुंटडिया, बांसवाड़ा और केतु उर्फ कृष्णा पिता देवा (36) निवासी ग्राम बोरदा, रतलाम को लाया गया। इनके पूछताछ के बाद बुधवार को वापस प्रतापगढ़ जेल भेज दिया गया।

**राजस्थान और मप्र में 50 वारदात**-टीआई चौधरी ने बताया कि सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं जिनके खिलाफ पहले से कई प्रकरण दर्ज हैं। इनकी गैंग काफी बड़ी है जिसके आठ सदस्य प्रतापगढ़ जेल में हैं। पूछताछ में आरोपियों से पता चला कि उन्होंने अपनी गैंग के साथ राजस्थान और मप्र में करीब 50 वारदातें की हैं और सभी वारदातों में पवन चक्कियों से तार चुराए हैं।

### टिफिन के लिए था विवाद, चाचा ने पीटा

उज्जैन। माता-पिता से टिफिन जल्दी बनाने के लिए झगड़ रहे संदीप पिता जीवन नायक 21 वर्ष निवासी इटियाखेड़ी खजूरिया को गुरुवार सुबह उसके चाचा सुरेश व चाची पूजा ने पीट दिया। जिससे उसके सिर में चोट आई है। घायल को तुरंत अस्तपाल में भर्ती कराया गया। वहीं इलाज करा रहे सुरेश ने बताया कि उसे सुबह जल्दी काम पर जाना होता है, इसके लिए वो मां से जल्दी टिफिन तैयार करने का कह रहा था। राघवी थाने ने प्रकरण कायम किया है।

## पिकअप वाहन में भरकर गोवंश ले जा रहे तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

**उज्जैन। पिकअप में गोवंश कर भरकर ले जा रहे दो तस्करों को तराना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 8 बछड़ों को मुक्त करवाकर गोशाला भेजा और पिकअप जब्त किया है।**

तराना पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात 11.40 बजे सूचना मिली थी कि पिकअप क्रमांक एमपी 15 जेडएम 3983 तराना से पचोर की ओर जा रही है। जिस पर तिरपाल ढंककर गोवंश ले जाए जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने वाहन का पीछा किया और ओवरटेक कर एबी रोड पर रोदवास जोड़ टोल नाके के पास रोका तो चालक और उसके साथी ने भागने की कोशिश की जिसे पुलिसकर्मियों ने धरदबोचा।

आरोपियों ने अपना नाम महेंद्र पिता किशोरीलाल (40) निवासी ग्राम सिलोदा, खंडवा, हालमुकाम बड़ी ग्वालटोली इंदौर और दयाराम पिता जगन्नाथ (55) निवासी रामकृष्ण बाग कॉलोनी, खजराना, इंदौर बताया। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें 8 बछड़े क्रूरतापूर्वक भरे हुए थे जिन्हें पचोर क्षेत्र से भरकर वध के लिए औरंगाबाद (महाराष्ट्र) ले जाया जा रहा था। इसके बाद चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त किया गया। इसके बाद सभी बछड़ों को ग्राम कामलीखेड़ा स्थित गोशाला भेजा गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।

## यातायात पुलिस ने क्षीरसागर स्टेडियम क्षेत्र में चलाया अभियान

**उज्जैन।** शहर की ध्वस्त ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है। इसी के तहत क्षीरसागर स्टेडियम क्षेत्र में ट्रैफिक में बाधा बनने वाले वाहनों पर पुलिस ने कार्रवाई की।

दरअसल, क्षीरसागर स्टेडियम क्षेत्र में लंबे समय से सडक़ किनारे एवं प्रतिबंधित स्थानों पर खड़े ऐसे वाहन जो बेवजह यातायात में बाधा बन रहे थे जिससे लोगों और खिलाडिय़ों को दिक्कत हो रही थी उनके खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने मोर्चा संभाला। ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह परिहार और विक्रम सिंह कानपुरिया के नेतृत्व टीम ने वाहनों को हटाकर भरतपुरी स्थित यातायात थाने भिजवाया। अभियान का उद्देश्य सडक़ पर जाम की स्थिति को खत्म करना, दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना तथा लोगों के निर्बाध आवागमन की सुविधा प्रदान करना है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसका उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के साथ शहरवासियों में ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि सडक़ों को जाम मुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके। इस दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि अपने वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें। ट्रैफिक रूल्स का पालन करें और सडक़ किनारे या प्रतिबंधित क्षेत्रों में वाहन खड़ा कर यातायात बाधित ना करें।

**महाकाल में भीड़** देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालु, मंदिर क्षेत्र में जाम, मानसरोवर गेट से प्रवेश, लड्डू काउंटर बढाए

## छुट्टियां शुरू होते ही महाकाल मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** छुट्टियां शुरू होते ही गुरुवार से उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। दर्शन के लिए सुबह से रात तक लंबी लाइन लगी रही। शाम 4 बजे तक 1 लाख व देर रात तक मंदिर में डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए थे। क्रिसमस वेकेशन में देशभर से श्रद्धालु यहां बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन के लिए पहुंचने लगे हैं। छुट्टियों के पहले दिन ही मंदिर में दर्शन के लिए भारी भीड़ व लंबी लाइन लग गई।


समिति के अधिकारियों ने बताया कि शाम के 4 बजे तक 1 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ ले लिया था। रात 10 बजे तक 1.50 लाख के आसपास श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। भीड़ के चलते मंदिर क्षेत्र के बेगमबाग, महाकाल चौराहा, हरी फाटक ब्रिज, हरसिद्धि मंदिर चौराहे पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। महाकाल मंदिर दर्शन के लिए अपने वाहनों से आने श्रद्धालुओं को मुसीबत का सामना करना पड़ा। मंदिर में आम श्रद्धालु मानसरोवर द्वार से प्रवेश कर टनल से गणेश मंडप से दर्शन बाद बड़ा गणेश मंदिर की ओर बने निर्गम मार्ग से बाहर निकल रहे। 250 की रसीद वाले श्रद्धालु बड़ा गणेश पर मोबाइल, जूता-चप्पल रखकर बैरिकेड्स टनल होकर गणेश मंडप से दर्शन कर रहे हैं। भीड़ को देखते हुए प्रसाद के लिए पूर्व के 8 काउंटरों के अतिरिक्त, बड़ा गणेश और विक्रमादित्य टीले के पास नए काउंटर खोले गए। भक्तों की सुविधा के लिए महाकाल अन्नक्षेत्र में भोजन व्यवस्था की गई।

### 1 जनवरी को भस्मारती अनुमति बंद



नववर्ष पर 1 जनवरी को महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा भस्मारती की ऑनलाइन व ऑफलाइन अनुमति बंद रखी जाएगी। श्रद्धालु केवल चलित दर्शन करेंगे। इसके अलावा 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग बंद रहेगी व ऑफलाइन चालू रहेगी। इस दौरान चलित दर्शन भी होंगे।

### बिना खटाई के 156 पकवानों का भोग



संतोषी माता मंदिर में शुक्रवार को विशेष महोत्सव में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। मंदिर के पुजारी मनोज पुरी गोस्वामी ने बताया पहली बार माता को 156 पकवानों का महाभोग लगाया जाएगा। वह भी बिना खटाई का। मंदिर प्रांगण में श्री अगस्त्येश्वर महादेव को भी भोग लगेगा। श्रृंगार के बाद शाम 6 बजे ढोल-ढमाकों से महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात नगर भोज में श्रद्धालु महाप्रसादी ग्रहण करेंगे।

### बच्चों को कॉपी-पेन के साथ भेंट की उपहार सामग्री

**उज्जैन।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयीजी की जयंती के पावन अवसर पर संस्था सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सेवा एवं सहयोग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुनील बारोड ने बताया कि ग्राम सदावल स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार शाला में सेवा बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा बच्चों को ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्त्र, कॉपी-पेन एवं उपहार सामग्री वितरित की गई। संस्था के पदाधिकारियों ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अरुण कुमार व्यास, अर्पित जैन, कुशल जाधव, हिमेश ठाकुर, रौनक गोयल सहित अभिभावक उपस्थित रहे, जिन्होंने संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन चेतन जोशी द्वारा किया गया एवं अंत में शुभम शर्मा ने आभार व्यक्त किया।